# कोरोनावायरस [COVID-19] महामारी के दौरान शकट-आधारित अल्ट्रासाउंड प्रणाली की सुरक्षा और कीटाणुशोधन



यह संलेख केवल एक दिशानिर्देश है। इसे उपलब्ध संसाधन और स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों केअनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।

## रोगी-कक्ष में प्रवेश के पूर्व

१ दस्ताने पहन लें

२ प्रणाली से सभी अनावश्यक सामान हटाएँ (जैसे अनावश्यक जाँच-यंत्र और तार) *

३ पोंछन से प्रणाली की सफ़ाई करें

४ प्रणाली को ढकने के पहले, उसपर महीन कागज़ (४) और पोंछन (३) रखें

५ जांच-यंत्र पर जैल लगाएँ

६ जाँच-यंत्र को सुरक्षा आवरण से ढकें तथा इलास्टिक से बाँधें

७ प्रणाली को सुरक्षा आवरण से ढकें

८ निज-सुरक्षा उपकरण को दो जोड़े दस्तानों सहित पहनें

९ आवृत प्रणाली और जैल पैकेट रोगी-कक्ष में लाएँ

महीन कागज़ और पोंछन प्रणाली के आवरण के नीचे रहना चाहिए

## रोगी-कक्ष के भीतर

१ रोगी की अल्ट्रासाउंड-जाँच करें

२ जांच के उपरांत, जैल के पैकेट फेंक दें

३ दस्तानों को पहने-पहने उनका कीटाणुशोधन एलकोहॅल से करें

४ रोगी से २ मीटर की दूरी पर जाँच-यंत्र के आवरण को हटाएँ

जाँच-यंत्र को प्रणाली के आवरण के अंदर सुरक्षित रूप से शकट पर टाँगें

प्रणाली के आवरण को ऊपर की ओर मोड़ते हुए हटाएँ

दस्ताने वाले हांथों से अनावृत प्रणाली एवं जाँच-यंत्र को न छुएँ

५ बाहरी दस्तानों की जोड़ी को फेंक दें (यदि केवल एक ही जोड़ी हो, तो उसका कीटाणुशोधन एलकोहॅल से करें)

६ महीन कागज़ से जैल पोछें। पोंछन से संपूर्ण प्रणाली एवं जाँच-यंत्र को पोछें।महीन कागज़ और पोंछन को फेंक दें।

७ दस्तानों को पहने-पहने उनका कीटाणुशोधन एलकोहॅल से करें

८ द्वार खोल कर प्रणाली को बाहर खिसकाएँ (यदि संभव हो तो पैर से खिसकाएँ)

## रोगी-कक्ष से निकास के उपरांत

१ दस्तानों को फेंक दें

२ हाँथों को भली प्रकार से धोएँ

३ मास्क एवं आंख-सुरक्षा उपकरण को पहने-पहने ही गाऊन को उतार कर फेंक दें

४ हाँथों को भली प्रकार से धोएँ

५ दस्तानों की नई जोड़ी पहनें

६ पोंछन से संपूर्ण प्रणाली एवं जाँच-यंत्र का कीटाणुशोधन करें। पोंछन को फेंक दें और प्रणाली को सूखने दें

७ दस्तानों को फेंक दें

८ हाँथों को भली प्रकार से धोएँ

९ बाकी बचे निज-सुरक्षा उपकरण उता

* अप्रयुक्त जाँच-यंत्रों को हटा कर सुरक्षित रखें

CPoCUS | SCÉC
CANADIAN POINT OF CARE ULTRASOUND SOCIETY
SOCIÉTÉ CANADIENNE D'ÉCHOGRAPHIE CIBLÉE

# कोरोनावायरस[COVID-19] महामारीके दौरानशकट-आधारित अल्ट्रासाउंड प्रणाली की सुरक्षा और कीटाणुशोधन



यह संलेख केवल एक दिशानिर्देश है। इसे उपलब्ध संसाधन और स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों केअनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।

## टिप्पणियाँ

- इस संलेख का उपयोगउन सभी रोगियों के लिए किया जाना चाहिएजिन्हें कोरोनावायरसबीमारीसे संक्रमित होने की संभावनाहै या पुष्टि की गई है। इस संलेख का उपयोगऐसी स्थिति में भी किया जा सकता है जहाँ किसी रोगीको संक्रामक बीमारीके लिए अलग किया गयाहो।
- जिन रोगियों के लिए कोरोनावायरसबीमारीकी संभावनाकम है, और जहाँ रोगीपरीक्षा के समय स्थानीय निर्देशानुसार निज-सुरक्षा उपकरण (गाऊन, दस्ताने, मास्क एवंआँख-सुरक्षा उपकरण) की आवयश्यकता नहीं है, कृपया निर्माता एवंस्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों के अनुसार यंत्र की सफ़ाई करें।
- अल्ट्रासाउंड-सहित रोगीपरीक्षा उन रोगियों को लाभान्वित कर सकता है जिन्हें वास्तविक या संभावितकोरोनावायरसबीमारीहै। इसमें फेफड़े की पैथोलॉजी, कार्डियक फ़ंक्शन, द्रव सहिष्णुता, संवहनी पहुंच / प्रक्रियात्मक मार्गदर्शन और श्वास प्रणाल इंटुबेषण की पुष्टि इत्यादि मूल्यांकन शामिल है।
- अल्ट्रासाउंड-सहित रोगीपरीक्षा उन रोगियों को भी लाभान्वित कर सकता है जिन्हें गैर-कोरोनावायरसबीमारीसंबंधित शिकायतें हैं और सहवर्ती कोरोनावायरससंक्रमण है।
- महामारीके दौरानइस परीक्षण की उपयोगिताबढ़ सकती है, क्योंकि सादे फिल्मों, सी.टी. स्कैन, रेडियोलॉजी वाला अल्ट्रासाउंड और इकोकार्डियोग्राफी की उपलब्धता सीमित रहेगी।
- जैसे-जैसे इस बीमारीकी सामुदायिक संचरणबढ़ेगी, इससे संक्रमित रोगीश्वास एवंप्रश्वास संबंधित लक्षणों या बुखार के बिनाउपस्थित हो सकते हैं। जब स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण निर्देशानुसार, सभी रोगियों की परीक्षा के लिए, लक्षणों की परवाहकिये बिना, निज-सुरक्षा उपकरण का उपयोगआवश्यक हो, तब सभी अल्ट्रासाउंड-सहित रोगीपरीक्षा के दौरान, इस संलेख का उपयोगकिया जाना चाहिए।
- यदि सख्त संक्रमण-नियंत्रण संलेख का पालन नहीं किया जाता है, तो पूर्वकथित परीक्षा हानिकारकभी हो सकता है। अल्ट्रासाउंड यंत्र, उपयोगकर्ता और जैल के द्वारा संक्रमण की संभावनाहै, जिससे रोगीएवंचिकित्सक को खतरा है।
- हस्त-धारित यंत्र का ही उपयोगपर विचारकरें क्योंकि इन्हें संदूषण से बचानाऔर कीटाणुरहित करना अधिक सरल है।

## परिभाषाएँ

- **शकट-आधारित प्रणाली :** कोई भी अल्ट्रासाउंड सिस्टम जो किसी गाड़ी पर हो. इस सिस्टम में प्रदर्शन, जांच-यंत्र, कीबोर्ड, ट्रे और बिजली का तार भी शामिल है।
- **पोंछन :** सफाई की आपूर्तियाँ यानि घोल एवंपोंछन। पोंछन की रासायनिकसंरचनाप्रत्येक प्रणाली के निर्माता के निर्देशानुसार होनीचाहिएऔर कोरोनावायरसको खत्म करने में प्रभावी होनीचाहिए।प्रणाली की सफ़ाई इसके सारे बाह्य उपकरणों के साथ होनीचाहिए(प्रदर्शन, जांच-यंत्र, कीबोर्ड, ट्रे और बिजली के तार)।

## सुझाव

- इस सफ़ाई संलेख का मुख्य अवधारणाहै - प्रणाली के उपयोगके पहले एक बार, तथा उपयोगके बाद दो बार, संपूर्ण प्रणाली को पूरी तरह से पूर्वकथित पोंछन से पोंछना।
- बिन-दस्ताने वाले हाथों से कुछ भी गंदा नहीं छूना चाहिए।संदेह होने पर, फिर से हाथ धोएं।
- हमेशा दस्ताने वाले हाथों से ही यंत्र को छुएं।
- उन सभी रोगियों के लिए, जिन्हें कोरोनावायरसबीमारीसे संक्रमित होने की संभावनाहै या पुष्टि की गई है, एक समर्पित प्रणाली के प्रयोग का विचारकरें। अन्य रोगियों के लिए भिन्न प्रणाली के उपयोगसे पार-संदूषण एवंसंक्रमण के प्रचार की संभावनाकम होगी।
- यदि जाँच-यंत्र या प्रणाली के आवरण उपलब्ध नहीं है, तो किसी भी पारदर्शी प्लास्टिक बैग का उपयोगकरें। इन आवरणों का जीवाणुरहित होना आवश्यक **नहीं** है।
- यदि जाँच-यंत्र या प्रणाली के आवरण उपलब्ध नहीं है, तो इस संलेख का विधि पूर्वक अनुगमन करना चाहिए(आवरण-संबंधी निर्देशों को छोड़ कर)।
- जैल की पूरी बोतल और सारे पोंछन अपने साथ न लाएँ, केवल उतना ही लाएँ जितना एक रोगीके लिए आवश्यक हो।
- पृष्ठ १ का संलेख केवल एक दिशानिर्देश है। इसे उपलब्ध संसाधन और स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों केअनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।


यह संलेख केवल एक दिशानिर्देश है। इसे उपलब्ध संसाधन और स्थानीय संक्रमण-नियंत्रण नीतियों केअनुसार संशोधित किया जाना चाहिए।